सिद्ध विश्वास

हमारे स्वर्गीय पिता आज रात्री हमारी ये भावना है। हम यहां विश्वास के लिए जमा है, केवल यीशु मसीह पर विश्वास। आज रात्रि यहां वे है, जो बीमार और दुखी है और आज रात्रि हमने अपनी सभा बिमारो की चंगाई के लिए समर्पित की है और टूटी हुई देह। अब जैसा गाने वाले ने वह सुंदर भजन गाया, *तब यीशु आया,* होने पाए आज रात रात्रि दृश्य पर आए, प्रभु और सब पीड़ितों को चंगा करें, और एक भी दुर्बल व्यक्ति आज रात्रि हमारे बीच में ना हो। प्रभु, इसे प्रदान करें और हमारी सहायता करें जैसा कि हम वचन में देखते हैं, कि प्रयाप्त विश्वास प्राप्त करें इस घड़ी में। हम यीशु नाम में मांगते हैं। आमीन।

2 (किसके थे?) यहां एक चश्मा है, जो किसी ने खो दिया है, और आराधना लाए में मिला है। यदि कोई... यदि ये आपका है, तो ये यहां प्रचार मंच पर है, पुलपिट पर।

3 अब, मैं जानता हूं कि बहुत से लोग काम कर रहे हैं, और उन्हें घर जल्दी पहुंचना है, और इसलिए मैं बहुत लंबा नहीं बोलूंगा और फिर प्रार्थना के लिए प्रार्थना पंक्ति बीमारों के लिए। ये मुझे एक सुअवसर देता है कि—कि कुछ आपात स्थितियों को पकडू जो अभी कमरे में थे, अंदर आने के पहले उन्हें पकड़ा और इस दोपहर बाद उनमें से कुछ, निसंदेह बहुत ही खराब और हिंसक। और मैं फोन भी कर रहा था और बीमारों के लिए प्रार्थना। और अपने प्रभु यीशु की चंगाई भरे हाथ को बीमार और दुखी को चंगा करते देख रहा था, कि वह कितना अद्भुत है!

4 अब हम इन चंगाई सभाओं में अक्सर नहीं जाते, क्योंकि अक्सर हम... पवित्र आत्मा आस–पास आएगा, यदि कोई आपात स्थिति है, और तुरंत ही जांच लेता है और लेकर और इस विषय में कुछ कहता है। तब वे बाकी, क्यों, हम जरा... हो सकता है अधिक बुरा ना हो, तो हम उसे छोड़ देते हैं। और मैंने सोचा, यहां एक दिन में दो बार, ऐसा होना चाहिए कि हम एक सभा बीमारों के लिए प्रार्थना के लिए रखें मैं बीमारों की चंगाई में विश्वास करता हूं। मैं विश्वास करता हूं, कि यह एक बाइबल की आज्ञा

है, बिना इसके हम प्रचार नहीं कर सकते... पूर्ण सुसमाचार बिना इसको सम्मलित किए।

5 अब यह संभव है... मुझे अभी नहीं मालूम, मैंने आज रात्रि भी घर फोन नहीं किया, हो सकता है अगले रविवार संभव है, मैं यहां फिर से होऊगा। और यदि—यदि आप इस सप्ताह हमसे ना सुने, यदि बिली आपको ना बताएं (वह सप्ताह के अंत में जान पायेंगा), यदि आप ये ना सुने, तो सिर्फ हम अगले रविवार यहां पर होंगे, क्योंकि उस दिन लेबर डे होगा, आप देखिए, कि विश्राम करें और इस प्रकार से... या घर पहुंचे। समझे? इसलिए हम यत्न करेंगे, प्रभु ने चाहा। अच्छा, अब यदि आप ना सुने... मैं सोचता हूं बिली आपके पास कार्ड भेज देगा या किसी तरह से सभा में बता देगा इसलिए यदि वह आपको ना कहे, तो फिर मैं वापस आ रहा हूं इस आने वाले रविवार में। यदि भाई नेविल, ये ठीक है किसी सभा में? [भाई नेविल, भाई ब्रन्हम से बात करते हैं।—सम्पा।] ओह, यह अच्छा है।

6 यदि कोई इस छोटे कोलिन्स को यहां जानना चाहता है। और सात मोहरों के समय, डॉक्टर ने इस छोटे लड़के को बता दिया था, इस गठीया बुखार के साथ, इसे लेटे रहना पड़ेगा और नलकी से पीना पड़ेगा; वह यहीं था। और पिता और माता इसे घर से ले आए और उसे कमरे में बैठा दिया, उसके लिए प्रार्थना की। और प्रभु यीशु ने उसे पूरी रीती से चंगा कर दिया, वह विद्यालय चला गया; और अधिकारियों ने उन्हें इस विषय में बुलाया। इसलिए उन्होंने विशेषज्ञ को बुलाया, जो उसकी प्रतीक्षा कर रहा था, और वह विश्वास ना कर सकी... वह ऐसी चीज का विश्वास नहीं कर सका जैसे ये, और वे लड़के को जांच के लिए ले गए और बिल्कुल अच्छा और स्वस्थ था। तब यीशु आया, परिक्षा करने वाले की सामर्थ टूट गई थी!

7 अब जानते हैं, विचित्र बात, मैं किसी से उस गाने को गाने के लिए कहने जा रहा था आज रात्रि। और जैसे कि मैं उस कमरे में वहां सेवा कर रहा था, तो कोई इस गाने को गा रहा था, *तब यीशु आया*। यदि ये नहीं गाया जाता, तो मैं किसी से कहने जा रहा था कि मेरे बोलने से पहले कोई गाए। इसलिए, वह—वह सारे कामों को सही करता है।

8 अब, आप में से बहुत से सुबह तक प्रतीक्षा करेंगे, ये जाने के लिए एक लंबी दूरी है, और इस यत्न के लिए लिए मैं सराहना करता हूं। आप में से कुछ गाड़ी चला कर आज रात्रि घर जाएंगे, क्योंकि दिन निकलते ही सुबह

आपको काम पर जाना है, और मैं—मैं जानता हूं कि यह कठिन है। और तब जब मैं सोचता हूं, और ये देखता हूं...

9 मेरी भी कार्य अवधि होती है, आप जानते हैं; मैं चिड़चिड़ा हो जाता हूं। मैं ऐसी स्थिति में पहुंच जाता हूं जहां मैं... जो मुझे पहुंचा देता है, जहां मुझे वह अवकाश मिलता है जब मैं अधिकाई से कार्य करता हूं और शैतान आकर मुझसे कह रहा है, "क्यों, कोई तुम्हारी चिंता नहीं करता। वास्तव में इस संसार में तुम्हारा कोई मित्र नहीं है, देखिए।" और इसलिए...

10 याद रखे, परीक्षाओं से मैं उन्मुक्त को नहीं हूं। मुझे उन पर जय पानी होती है। तब जब मैं पलट कर देखता हूं और कुछ इस प्रकार से देखता हूं, मैं ठीक वापस उसी के सामने डाल देता हूं, और कहता हूं, "इस विषय में क्या है? " इससे मुझे जयवंत होने में सहायता मिलती है। "इस विषय में क्या है? "

11 जैसा कि मेरा एक विशेष मित्र है, वह यहां सभा में बैठा हुआ है, वहां एक दल था... एक प्रकार का दल जो दिव्य चंगाई में विश्वास नहीं करता, यह युवा हाल ही में इसके पास आया और उससे कहा, "वह बात जो वह प्रचार कर रहे हैं वहां दिव्य चंगाई के विषय में, इससे से कुछ नहीं होता।"

12 और यह पुरुष केंटकी में रहता है, ठीक उस बूढ़ी महिला के पास, जब हम वहाँ एक्टन कैंप ग्राउंड पर थे, वह कैंसर से मर रही थी। और उस रात्रि उसकी बहन सभा में अपने पर्स में रुमाल के साथ आयी जिसे उसने निकाला था, और पीछे पवित्र आत्मा ने उस महिला को बुलाया था (और मैं उसके पहले उस जगह कभी नहीं गया था) और उसे ये बताया, कि "उसके पास पर्स में रुमाल है, जो उसके पास वहां था, उसने घर से लिया था, और उसकी बहन वहां किसी पर्वत श्रेणी में, पेट के कैंसर से मर रही थी। डॉक्टरों ने उसे छोड़ दिया था।" और मैंने कहा, "जाओ यह रुमाल उस महिला पर रख दो, क्योंकि यहोवा यों कहता है कि 'वह जीयेगी।'" और उसी रात, उनके वहां साल्वेशन आर्मी उन्होंने सोचा, जब भाई बेन वहां पहुंचे और फिर रखा... और फिर वह महिला इतनी अच्छी तरह चंगी हुई, जब तक की वह अपना काम नहीं करने लगी और पड़ोसियों का काम।

13 इसलिए ये युवा पुरुष, यह जानता था, उसने कहा, "तब उस घटना की व्याख्या की! ये तय हो गया। व्याख्या; आप जानते हैं उसे कैंसर था।

वह यहां लुईसविल में थी और डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया था और बस छोड़ दिया, 'सिल कर उसे वापस कर दिया, कुछ नहीं हो सकता था।' और अब वह बिल्कुल ठीक है, भली चंगी।" कहा, "इसकी व्याख्या करो।" इसने यह तय कर दिया। समझे?

14 आप जानते हैं बाइबल में कहा, "और वे कुछ भी गलत नहीं कर सके, क्योंकि वह पुरुष ठीक वहां उनके बीच में खड़ा था, जिस पर ये आश्चर्यकर्म हुआ था।" यही जहां हम... इसने शैतान को लज्जित कर दिया, क्या नहीं? वह पुरुष वहां खड़ा हुआ था जिस पर वहां आश्चर्यकर्म हुआ था।

15 क्या परमेश्वर मरे हुओं को जिलाता है? यहां एक व्यक्ति बैठा हुआ है, ठीक यहां पर, मरे हुए में से जलाया हुआ। परमेश्वर बीमार को चंगा करता है? ओह प्रभु, हाथ, हर कहीं जा सकते हैं, परमेश्वर बीमार को चंगा करता है। और हम जानते हैं कि वह महान है—महान मैं हूं, ना कि महान "मैं था" या "होऊंगा"; मैं हूं। यह ठीक बात है। *मैं हूं,* जो कि, "सदा उपस्थित रहता है, हर कहीं, सारे समय"; कल, आज, और सर्वदा एक सा है।

16 अब जल्दी में, आइए हम धन्य बाइबल में निकालें। मैं एक भाग पढ़ना चाहता हूं जिसने "मुझे अक्सर घुमाया है" जब मैं ये पढ़ता हूं। और आज रात्रि में प्रार्थना पंक्ति लेना चाहता हूं, और हर एक के लिए प्रार्थना करना चाहता हूं, जो करवाना चाहता है।

17 और अब हम मरकुस निकालने जा रहे हैं, संत मरकुस 11 वा अध्याय संत मरकुस का। और हम 22 वे पद से पढ़ना आरंभ करेंगे, संत मरकुस का ग्यारहवां अध्याय। और आप में से बहुत से ये वचन जानते हैं, यह बहुत ही जाना–पहचाना है। यह वचन था जिस पर मैं सोच रहा था, भाई रसल जब वे... जब वह मुझ से बोला और उन गिलहरियों के विषय में बोला। और वे... ये बस वही वचन था जिस पर मैं सोच रहा था। यह सदा एक पहेली रहा। उसने कहा, "यदि *तुम* कहो" ना कि "यदि *मैं* कहता हूं।" "यदि *तुम* कहो!"

18 अब इसे हम पढ़ते हैं।

> *... यीशु ने उसको उत्तर दिया, परमेश्वर पर विश्वास रखो।*
>
> *मैं तुमसे सच कहता हूं कि जो कोई इस पहाड़ से कहे, तू उखड़ जा, और समुद्र में जा पड; और अपने मन में संदेह ना करें, वरन*

प्रतीति करें कि जो कहता हूं वह हो जाएगा; तो उसके लिए वही होगा।

इसलिए मैं तुमसे कहता हूं कि जो कुछ तुम प्रार्थना करके मांगो, तो प्रतीति कर लो तुम्हें मिल गया, और तुम्हारे लिए हो जाएगा।

और जब कभी तुम खड़े हुए प्रार्थना करते हो, तो यदि तुम्हारे मन में किसी के प्रति कुछ विरोध हो, तो क्षमा करो: इसलिए कि तुम्हारा स्वर्गीय पिता भी... तुम्हारे अपराध क्षमा करें।

यदि तुम क्षमा ना करो, तो तुम्हारा पिता भी जो स्वर्ग में है, तुम्हारा अपराध क्षमा न करेगा।

19 अब, विश्वास क्षमा पर आधारित है, तब और तब, जैसा की हमने इस प्रातः कहा, कलीसिया को उस स्थान तक लाने का यत्न करें जहां हमारे मध्य में प्रेरितों का समय चलने लगे, यही जिसकी हम सभो को भूख है। और ये यहां ठीक द्वार पर रखा है, हम इसे देखते हैं, परंतु हम इसे और अधिक देखना चाहते हैं। हम इसका ऐसा बहाव चाहते हैं कि होगा—यह हमारी सहायता करेगा हम बाहर, दूसरों के लिए बहेंगे।

20 याद रखें, यीशु ने कहा (जैसा कि हां सुबह के पाठ में था।), उसने अपनी शक्ति कभी भी अपने लिए प्रयोग नहीं की, उसने ये दूसरों के लिए प्रयोग की। वह इसीलिए ही भेजा गया था। और आप कभी सोचते हैं, "क्यों एक ऐसा पुरुष जो इतना सामर्थ भरा हो, जैसा वह, वह कभी बीमार हुआ होगा? " जी हां, श्रीमान। मैंने किसी पुस्तक में पढ़ा है कहीं जहां जब उसने उस लड़के को जिलाया नाइन गांव की विधवा का पुत्र (मैं विश्वास करता हूँ, *दाऊद के धराने का राजकुमार*) कि वह एक चट्टान पर बैठा था और सिर दर्द से करहा रहा था। समझे? उसने हमारे दुर्बलता को सह लिया, *सहने* का अर्थ "उन्हें समेट लिया।" देखिये, उसने सह लिया, और उसमें सब चीज थी... जैसे हम में है। उसमे बीमारी थी, उसके पास परीक्षाये थी, उसके पास परेशानियां थी, उसमें घबराहट थी वैसे ही जैसे हमारे में है, क्योंकि उसे सही प्रकार का बिचवाई बनना था; इसलिये कि उसे सहभागी होना था, फल का किसान, इसके पहले कि वह जानेगा। कुंए पर स्त्री और बहुत सी बातें, देखिये, यदि हम वचन में सीधे देखें।

21 मैं ये कहना चाहता हूँ, कि मैं हर वचन का विश्वास करता हूँ, इसका हर बिंदु सच्चा है। आज आलोचनाये है, वे इसका इसका विश्वास नहीं करना

चाहते। एक आलोचक ने एक बार कहा कि, "जब यीशु ने उन लोगों को भेजा जहाँ वह गदही का बच्चा बंधा था, जहां दो रास्ते मिलते थे, जो उसने पहले से तैयार किया हुआ था, जहां वह गधी का बच्चा बंधा था।" देखिये वे नहीं समझते कि *परमेश्वर* ने ये पहले व्यवस्थित किया हुआ था।

22 उस दिन परमेश्वर ने मुझे बता दिया कि मैं भाई दाऊच से "फिर सड़क पर हाथ मिलाऊंगा।" यह बहुत ही विचित्र है, उस प्रात: मैं यहाँ पर नहीं था; परंतु दो मिनट, या एक मिनट बाद, मैं उन से सड़क पर नहीं मिला। परंतु मैंने कार से कदम बाहर रखा, समय में की उस से हाथ मिलाऊ, जब वह अंदर आ रहे थे सड़क पर। वह मुझे नहीं जानता था; उसने अपना चश्मा उतार रखा था, वह मुझे नहीं देख सकता था। जब उसने मेरी आवाज सुनी उसने रोना शुरु कर दिया। ये क्या था? वह अक्सर ऐसा नहीं करता, परंतु यह उस बात का उत्तर था, जो उसे ऑक्सीजन लगे पर बताया गया था; कि वह ये करेगा।

23 मैंने कहा, "आप कलीसिया में भी फिर से बैठेंगे"; उसके हृदय की इच्छा। जब हमारी शिकागो की सभा हो रही थी, वह उस सभा में आना चाहता था, उसका हृदय उधर ही था। मैंने एक तार शुभकामनाओं का उसे अपनी और बालकों की ओर से भेजा, उसे बताया हम उसके लिए प्रार्थना कर रहे थे कि वह चंगा हो जायेगा, जल्द ही। और एक प्रिय भाई जो उस से मिलने गया कहा कि वह—वह बहुत ही आना चाहता था। परंतु आज रात्री वह यहाँ पर बैठा है हमारे साथ। समझे? ये पहले से तय नहीं था। उसी परमेश्वर ने उसे व्यवस्थित किया, है, वह हर कार्य को सिद्धता के साथ ठीक समय पर बनाता है।

24 एक बार एक आलोचक ने कहा, "कोई आश्चर्य नहीं, यीशु पांच रोटियां ले कर और पांच हज़ार को खिला सकता था," बोला, "कि उन दिनों में रोटियां बड़ी होती थी, और उसने बस हर रोटी को काट कर हजारों को खिला दी।"

25 "मैं आपको समझाना चाहता हूँ, एक छोटे लड़के के पास ये उसके दोपहर के लिये थी!" एक छोटे लड़के ने पांच रोटियां रखी, जिस से पांच हज़ार लोगों को खिलाया जा सके और पेट भर जाये। तब बाहर टोकरियों का क्या है, जो बाद में उठायी गयी? समझे? ओह वे बस... यह एक आलोचना

है, ये बस यही है। यह परमेश्वर के वचन को नहीं बदलता, यह वैसा ही है, देखिये आगे बढ़ता है।

26 और हम विश्वास पर बोलना चाहते हैं, और विभिन्न प्रकार के विश्वास, सिद्ध विश्वास। यह एक महान चीज है। अब, विश्वास, हमें बाइबल में बताया गया है, "विश्वास सुनने से आता है।" अब आज बिना विश्वास के बजाये नहीं जा सकते। और विश्वास कुछ है जिसका आपको विश्वास करना ही है कि ये है, इससे वास्तव में कोई चीज घोषित नहीं करेगी... कि ये है सिवाये विश्वास के। अब मैं आपके पास विश्वास लाने का यत्न कर रहा हूँ, ताकि आप इस प्रार्थना पंक्ति के लिये तैयार हो सके, अगले ही कुछ मिनटों में।

27 अब विश्वास: "वह जो परमेश्वर के पास आता है उसे विश्वास करना चाहिये कि वह है।" और यह असंभव है कि आप परमेश्वर को बिना विश्वास के प्रसन्न न करे। आप उसे प्रसन्न नहीं कर सकते। और यदि आप कहते हैं कि आप परमेश्वर पर विश्वास करते है... आपने उसे कभी देखा नहीं है देखिये, इसलिए तब आपको विश्वास के द्वारा विश्वास करना पड़ेगा। और यदि आप उसे देख सके, तो फिर यह विश्वास नहीं है। समझे? कोई भी चीज जिसे चेतनाये घोषित करती है, वह विश्वास नहीं है, यह विज्ञानिक सत्य है; देखिये, यह कोई विश्वास नहीं है, परंतु आपको उसे विश्वास के द्वारा ही स्वीकार करना है। "और वह जो परमेश्वर के पास आता है उसे परमेश्वर का विश्वास करना ही चाहिये; और विश्वास परमेश्वर के वचन को सुनने से आता है।" समझे? आपको पहले यह विश्वास करना ही है कि *ये* परमेश्वर का वचन है और आपको परमेश्वर के पास वचन के द्वारा आना है। समझे? बस वचन लीजिए, ये क्या कहता है और "यह ठीक है!" और हर चीज जो इससे मेल नहीं खाती, वह सही नहीं है।

28 अब्राहम को विश्वास करना ही था जो आवाज ने उसे बताया। और जब वह सौ वर्ष का था, 25 वर्ष बाद, वहां इसका विश्वास करने में मजबूत था, बजाये 25 वर्ष के पहले जब ये उसे दिया गया। समझे? उसने इसका विश्वास किया। और "वह परमेश्वर की प्रतिज्ञा पर डगमगाया नहीं, अविश्वास से परंतु मजबूत परमेश्वर को महिमा देता रहा, जानते हुए कि जो उसने प्रतिज्ञा दी वह उसे करने के योग्य है।" और इसी प्रकार से हर एक को होना चाहिए। आपको असफल ना होने वाले विश्वास के

साथ आना चाहिए, वे विश्वास करते हुए की प्रतिज्ञा परमेश्वर ने की है। परंतु अब आपको ऐसी स्थिति में होना चाहिए कि वह विश्वास हो, और यही जिस पर हम बात करने जा रहे हैं; देखिए, कि उस विश्वास को प्राप्त करे।

29 इब्रानियों में, इब्रानियों की पुस्तक 11 अध्याय, हमें यह बताया गया।

... विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय...

30 अब, यही जहां बहुत से लोग अपनी चंगाई को प्राप्त करने में असफल हो जाते है, या जो वे मांग रहे हैं, क्योंकि वे विश्वास को कुछ होने के लिए लेते हैं कि ये नहीं है। समझे? वे इसका विश्वास नहीं करते। ये—ये... ये—ये कल्पना नहीं है। यह एक वास्तविक वस्तु है।

31 अब, ध्यान से सुनिए! ये वह नहीं जिसकी आप कल्पना कर रहे हैं। ये वैसे ही वास्तविक है आपके लिए जैसे आपकी देह कि कोई भी चेतना किसी चीज की घोषणा करें। ये वैसे ही वास्तविक है जैसे मेरी आंख कहती है, "यह एक कागज का टुकड़ा है।" यह वैसे ही वास्तविक है, जैसा ये कहते हैं, "यह एक उजियाला है।" यह वैसे ही वास्तविक है, जैसा कहते है, "मैं अपने कोर्ट को अनुभव करता हूं।" यह वैसे ही वास्तविक है, जैसे—जैसे मैं उस बालक को वहां बात करते हुए सुनता हूं या शोर मचा रहा हूं। यह वैसे ही वास्तविक है, जैसे संगीत बज रहा है। यह वैसे ही वास्तविक है, जैसे मैं किसी चीज का स्वाद अपने मुंह में ले रहा हूं। यह वास्तविक है, केवल आप इसे किसी को दिखा नहीं सकते। ये केवल आपके ही पास है। आमीन! यह आपका है, विश्वास *एक* वस्तु है; देखिए ना की एक कल्पना। बहुत से लोग आते हैं...

32 अब, यह वास्तविक एक गहरे पाठ है, और मैं इसके ऊपर का पकडूगा, तब आप इसे गहरा खोदे। समझे?

33 ध्यान दें, ये कुछ है जो आपके पास है; ना कि कल्पना यदि यह वास्तव में आपके पास है, यह आपके लिए वैसे ही वास्तविक है जैसे कोई और चीज जो आपके पास हो सकती है। यह वैसे ही वास्तविक है, जैसे आप थे जानते हैं, कि—कि आप अपनी कार में सवारी कर रहे हैं। यह वैसे ही वास्तविक है जैसे आप जानते हैं कि आप आराधनालय में बैठे है, यह वैसे ही वास्तविक है जैसे आप मेरी आवाज को सुन रहे हैं। यह एक वस्तु है, ना की कल्पना; ना की एक मनोभाव, परंतु कुछ ऐसा जो आपके पास है

और ये आपके पास परमेश्वर के वचन के सुनने से आता है और केवल उस से। "विश्वास सुनने के द्वारा और परमेश्वर के वचन को सुनने से।" यह आपको वहां रखता है जहां आपका विश्वास है, वरना यह किसी व्यक्ति में नहीं है। यह मनुष्य में नहीं है। यह संस्था में नहीं है। यह लोगों के झुंड में नहीं है। यह परमेश्वर में है, क्योंकि परमेश्वर वचन है। समझे? आपका विश्वास परमेश्वर में है।

विश्वास परमेश्वर के वचन को सुनने के द्वारा आता है।

34 तब जब परमेश्वर, अपने वचन के द्वारा... ना कि किसने क्या किया है, के द्वारा, किसी ने कहा, परंतु जो परमेश्वर के वचन ने कहा। उसने कहा, "हर मनुष्य का वचन झूठा, और मेरा वचन सच्चा ठहरे।"

35 अब, आप देखिए कोई किसी कार्य के करने के द्वारा, या परमेश्वर का व्यवहार या परमेश्वर की प्रतिज्ञा और उसमें बहुत से कहते हैं, "मैं भी वह कर सकता हूं।" यह एक कल्पना है। और जब वे करते है आप पाएंगे कि वे कही ढह जाते है। इसे एक वस्तु होना है। अब, यह एक संम्भवित विश्वास। ये कुछ है जो आपको एक विश्वास पर लायेगा। ये सम्भवित, जैसे आप मुझसे एक बांज का वृक्ष मांगे और मैं आपको एक बीज देता हूं। आपके पास एक संम्भवित बांज वृक्ष है, परंतु इसने अभी अपने आप को उत्पन्न नहीं किया है; परंतु जब यह वास्तव में अपने आप को बाहर लाता है, यह एक बांज वृक्ष है। और जब आप कल्पना करते है कि परमेश्वर ने यह किया है... परंतु जब यह आप पर प्रगट हुआ तो यह विश्वास है, एक सिद्ध विश्वास जो असफल नहीं हो सकता।

36 यही कारण है कि दर्शन मेरे लिए इतने—इतने आश्चर्यजनक होते है, क्योंकि ये हर बार सिद्ध हुए हैं। समझे? और मैं जानता हूं कि उसने इसकी प्रतिज्ञा की है। और यह उसने अपने वचन में प्रतिज्ञा दी है, और यहां वह आता है और इस दिन के लिए प्रतिज्ञा दी है। इसलिए आप जानते है कि आप कहां खड़े है, जब उसने ऐसा कहा है। देखिए, ये मुझे एक विश्वास देता है, क्योंकि वह अपने लिखे हुए वचन के विरोध मे कभी कुछ नहीं करता। समझे? और यदि ये वचन के विरोध मे था, तो इस पर मेरा विश्वास नही हो सकता था। इसे वापस वचन पर लेकर आए, देखिए, विश्वास परमेश्वर के वचन के सुनने में है। आपको परमेश्वर का वचन सुनना चाहिए! वचन

ही सर्वप्रयाप्त वचन है। कुल मिलाकर आपको इसी की आवश्यकता है कि यह वचन है।

37 अब, विश्वास वस्तु होने के नाते, और इसमें हम पाते है (इब्रानियों में) विश्वास क्या था, और उन्होंने क्या किया जिनके पास विश्वास था। अब देखिए बहुत से लोगो के पास आज बहुत बार विश्वास होता है और कल उनके पास नही होता; और अगले दिन वहां *कुछ* होता है और *कुछ* और। परंतु जब परमेश्वर एक बार इसे जड़ देता है, और आप इसे देखते है, तो फिर अब कभी कोई चीज आपको इससे हिलाने नहीं जा रही है। आप बस धक्का मार रहे है, पहुंच रहे है मान रहे हैं। और *मान लेना* "बिना किसी अधिकार के जोखिम उठाना है"; आप बस *इसे* कोशिश कर रहे हैं और आप *इस* पर कोशिश कर रहे है, और *इधर* को जा रहे है, और *इधर* उधर भाग रहे है। आपके पास अब भी विश्वास नहीं है! परंतु जब... यही जिसे हम "विश्वास" कहते है।

38 मैं—मैं—मैं... मुझे क्षमा करे। मैं चाहता हूं कि आप... धन्यवाद, भाई।

39 मैं—मैं चाहता हूं, अब आप इसे ले ले। हम... कलीसिया को, अपने आप को परमेश्वर की सामर्थ में उठाना है। कैसे? हम अंत के बहुत ही समीप है, अब, और मैं विश्वास करता हूं की कलीसिया इस दिशा में है, कि जहां मैं यह छोटी गहरी बाते सिखा सकता हूं और इस बनावटी विश्वास को बाहर कर दूं, देखिए, किसी वास्तविक चीज में ले आऊ समझे? ये कुछ ऐसा है जो आप जानते है!

और यदि आप कहते है, "भाई ब्रन्हम यह उजियाला नही है।"

"फिर भी आप जानते है, यह उजियाला है।"

"आप कैसे जानते है, कि ये उजियाला है? "

"मैं इसे देख रहा हूं।"

"भाई आप कैसे जानते हैं, कि आप गलत नहीं हो सकते? "

"मेरी दृष्टि मुझ पर इसकी घोषणा करती रहती है, कि ये उजियाला था।" समझे?

40 और यही कारण है कि मैं उन दर्शनों का विश्वास करता हूं, क्योंकि यह सदा मुझ पर यह घोषणा करते है कि यह सत्य है, क्योंकि यह वचन में से आता है। समझे? तब यदि ये यह कहता है तो यह तय हो गया, अब

ये इस प्रकार घोषणा करता है, तो फिर अनुमान का काम नहीं; यह होने जा रहा है। तब आप यह सुनते हैं, "यहोवा यों कहता है," देखिए, क्योंकि ये—यह मनुष्य के सोच से आगे है। ये प्रभु के विचारों में है। परंतु आप यहां खड़े है, जैसे एक दाखलता... जैसे एक डाली दाखलता में फल उत्पन्न कर रही है। समझे? परमेश्वर मनुष्य का प्रयोग करता है और केवल मनुष्य को। परमेश्वर मशीन का प्रयोग नही करता। परमेश्वर मनुष्यो के झुंड का प्रयोग नही करता। परमेश्वर संस्थाओं का प्रयोग नहीं करता। परमेश्वर सदा व्यक्तियो का प्रयोग करता है!

41 अब, विश्वास एक वस्तु है और इसके द्वारा, हम समझते हैं, वे सारी चीजे हो गई है। यह नही है—ये कल्पना नही है, यह वस्तु है; विशेष सिद्ध विश्वास। इसी पर मैं आज रात्रि बात कर रहा हूं, सिद्ध विश्वास को पाना। यह कल्पना नहीं है।

42 अब, दूसरे, लोग आकर कहते है, "ओह, मेरे पास पूरा विश्वास है, ओह, निश्चिय ही मेरे पास है।" अच्छा, तो फिर आप यहां किस लिए खड़े है? समझे? समझे? देखिए, आपका—आपका व्यवहार सिद्ध करता है कि आपके पास नही है, जिस विषय में आप बात कर रहे है। समझे? यदि आपके पास विश्वास था, तो फिर आप किसलिए प्रार्थना पंक्ति में खड़े होते हैं? समझे? आप ये चीजे किसलिए करते है?

43 देखिए, यदि आपके पास सिद्ध विश्वास है, तो आप सीधे–सीधे परमेश्वर की ओर देखते और इसका विश्वास करते और चले जाते। आपको—आपको प्रार्थना पंक्ति में आने की आवश्यकता नही होती। आपको इन चीजों की आवश्यकता नही होती, क्योंकि आपका विश्वास इस काम को वैसा कर देता। समझे? समझे? मेरे यह कहने का क्या लाभ, "मैने कमीज पहनी हुई है"? मैने कमीज पहनी हुई है!

44 "आप कैसे जानते है कि आपने कमीज पहनी हुई है? "

45 "भाई, मै ये देखता हूं, इसे अनुभव करता हूं। मैं जानता हूं कि ये है।" भाई, ये ऐसे जैसे वास्तव में कि जब सिद्धि विश्वास पकड़ कर लेता है। आप नहीं—आपको और आवश्यकता नहीं। यह पहले ही हो चुका; आप ये जानते है।

46 "आप इसे कैसे जानते है? "

47 "विश्वास मुझे ऐसा बताता है!" यही है। समझे? अब क्या आप समझ गए, मेरा क्या अर्थ है? यह सिद्ध विश्वास है।

48 अब, दूसरे शब्दो में, मैं जोखिम उठा रहा हूं, "भाई, मैं जाऊंगा। बाइबल ने कहा, 'प्राचीनो को बुलाओ, वे तेल से अभिषेक करे, इस पर प्रार्थना करे।' मैं जानता हूं, मैं जाऊंगा।" और आप कहते हैं, "भाई, मैं चंगा होने जा रहा हूं।" देखिए, आप अपने को बना रहे है; अब आप ध्यान दे, आप अपने आपको बनाने जा रहे है, बस—बस काम चला लिया। तब जब, वह उसमें होकर निकलता है, वह कहता है, "ओह, मैं अब भी नहीं देखता।" देखिए, आप वही थे, आपके पास विश्वास नहीं था!

49 आपका सच्चा विश्वास, वही इसे करेगा। आपका—आपका सच्चा विश्वास इसे आपके लिए इतना वास्तविक बना देगा... उस लहू बहने वाली स्त्री को देखिए, उसने कहा, "यदि मैं उसके वस्त्र के छोर को भी छु लूंगी, मैं चंगी हो जाऊंगी।" और जैसे ही उसने ये किया, उसने कहा, उसने "अपने आप में अनुभव कर लिया कि उसका लहू बहना बंद हो गया।" उसने वास्तव में इसका विश्वास किया।

50 और जब उसने छुआ... यह सिद्ध करने के लिए की ये एक गया—यह एक गया—यह रुक गया, यीशु घुमा और बोला, "मुझे किसने छूआ? " ये सिद्ध विश्वास! और यही सिद्ध विश्वास आज रात्रि, यीशु मसीह को छुएगा, जैसे इसने उस दिन किया। वह स्त्री सिद्ध विश्वास के साथ आयी उस समय के लिए।

51 अब, हम देखते है, पहले चेलो के पास सिद्ध विश्वास नहीं था। उनके पास नहीं था, क्योंकि उनके पास मसीह था, उसके साथ चल रहा था, परंतु फिर उसके बाद, मसीह उनमें था। और इस प्रकार आप देखते है, तो फिर यह कठिन है कि इस सिद्ध विश्वास को बिना पवित्र आत्मा के पाये इसे; इसे लाना ही है, यह लाता है। अब आप कहते है, "चेलों के पास सिद्ध विश्वास नहीं था? " नहीं; क्योंकि उनके पास मिर्गी वाला बालक था, वे इस शैतान को उनमें से निकालने का यत्न कर रहे थे, और वे ये नहीं कर पाये।

52 और पिता ने यीशु को आते देखा और उसने कहा, "हम अपने पुत्र को चेलो के पास लाये, और वे इसे चंगा नहीं कर पाये।" समझे?

53 और बाद में चेलो ने यीशु से पूछा, कह रहे है, "हम क्यो नही इसे चंगा कर पाये? "

54 और यीशु ने कहा, "विश्वास की घटी के कारण तुम्हारा अविश्वास।" यह ठीक बात है। "अविश्वास के कारण... "

55 अब, याद रखे, उनके पास सामर्थ थी। यीशु ने उन्हे अधिकार दिया था कि बीमार को चंगा करे, मरे हुए को जलाए, और प्रेत आत्मा को निकाले, इसके कुछ ही दिनो पहले, उसके पास शक्ति थी, परंतु उस शक्ति को उपयोग में लाने के लिए विश्वास नही। अब यहां ब्रन्हम आराधनालय है! यहां कलीसिया, दुल्हन आज है! पवित्र आत्मा यहां सामर्थ के साथ है, परंतु इसे चलाने के लिए विश्वास नहीं है। देखिए, मेरा क्या अर्थ है? इसे कार्यवन्त करने के लिए विश्वास चाहिए।

56 यहां; मेरे पास खोल है जो मैंने हाथ से भरा है। मैं जानता हूं, ये प्रक्षेपिक वचन के समान क्या करेगा, परंतु बंदूक के लिए आग चाहिए। आग के लिए पाऊडर चाहिए, उस पाऊडर में सामर्थ है, परंतु इसे आग चाहिए कि उसे जला दे। और वही चीज, पाऊडर खोल में है, परंतु इसे तैयार करने के लिए विश्वास की आवश्यकता है और इसे बाहर निकलना है। यही जो ये लेता है, देखिए सिद्ध; विश्वास पवित्र आत्मा की सामर्थ में आग लगा दे, जो कि अब हमारे पास पास है, जब से यह हमारे ऊपर आया है, कि महान चीजे देखे कि हो... विश्वास कुछ जो आपको प्रस्तुत करे।

57 आनंद से भरे हुए ह्रदय के साथ, आप बीमार के कमरे में प्रवेश करते है, जानते हुए कि आप क्या कहने जा रहे है। अंदर जाते है और जानते है कि क्या होने जा रहा है, कुछ जो पहले ही प्रगट हो चुका है, और ये आप जानते है। और आप अंदर जाते है, "यीशु मसीह के नाम में, वहां से उठे यहोवा यों कहता है!" आप वही है; ये सिद्ध विश्वास है। यदि वहा एक करोड़ लोग वहां खड़े हो, कह रहे हो कि यह घटित नही होगा, आप जानते है जो भी हो। ये होने जा रहा है। क्योंकि आप ये जानते है, ये होने जा रहा है। चाहे कोई भी कुछ कहे, आप वह है जिसके पास विश्वास है।

58 क्या आप कल्पना कर सकते है, यहोशु, वह इस्राएल के प्राचीनो को एकत्र करता है और कहा, "ओह भाइयो, हम लोग प्रभु के दास है, मैं चाहूंगा कि आप लोगों से कहू प्रभु से मांगो, यदि यह ठीक रहे, यदि—यदि

वह हमें थोड़ा और उजियाला दे, देखिए, और सूरज को थोड़ी देर तक रोके रखे"?

59 नहीं; उसे उसे इसकी आवश्यकता थी (और बिना प्रार्थना बिना किसी चीज के), उसे इसकी आवश्यकता थी, और उसने सूर्य को आज्ञा दी! उसने कहा, "वही रुका रह! मुझे आवश्यकता है, और मैं प्रभु की सेवकाई में हूं, और उसने मुझे इस कार्य के लिए यहां भेजा है, और मैं अपना सबसे अच्छा कर रहा हूं, जो मैं जानता हूं की कैसे करूं और शत्रु मार्ग मे आ गया है, और वे यहां पर है; यदि मैं सूरज को डूबने दू, वे एकत्र हो जाएंगे और मेरी परेशानी बढ़ा देगे, इसलिए रुक जा! और चांद तू वहीं रुका रह!" आमीन। वह वहां 24 घंटे रुका रहा।

60 अब, यदि संसार घूम रहा है और वह इसे रोकता है, सूरज एक स्थान में रुकता है और ये भागता नहीं, तो फिर क्या हुआ? अब आपने अपने आपको नास्तिक बना लिया, यदि आप *ये* कहते है; और यदि आप नहीं, तो आप निश्चिय ही विज्ञान के साथ मूर्खता कर रहे है, क्योंकि उन्होने कहा यदि संसार रुक गया ये गिर जाएगा। इसलिए अब क्या? और यदि आप कहते है, परमेश्वर का वचन सही नही है तो आप नास्तिक है। समझे? परंतु ये हुआ, यह मूल बात है। मैं इसकी कार्यशैली नहीं जानता, परंतु ये हुआ!

61 मैं पवित्र आत्मा की कार्यशैली नही जानता, परंतु मैं जानता हूं कि वह मुझ पर आया। मैं—मैं इसकी कार्यविधि नहीं जानता, परंतु मैं इसकी आशीषे जानता हूं बस कुल मिलाकर यही है, बस यही जानने चिंता है कि पवित्र आत्मा की आशीषे है और कार्यविधि, वह कार्य करता है। ये उसका भेद है।

62 यह लड़का चंगा ना हो सका क्योंकि... चेलो के पास सामर्थ थी; यीशु ने उन्हें हर प्रकार की बीमारी को चंगा करने का अधिकार दिया, प्रेतों को निकालना, कोढियों को शुद्ध करना और मृतको को जिलाना। उसने उन्हे अधिकार दिया, परंतु उनके पास उस अधिकार को कार्यवंत करने के लिए विश्वास नहीं था, जो उनके पास था। और फिर उन्होने यीशु से प्रश्न किया और कहा, "भई, अब हम इसे क्यों ना कर सके? "

63 अब याद रखे, उनके पास वचन था; और तब वचन देहधारी था। और वचन ने उन्हे बताया, "मैं *तुम्हें* अधिकार देता हूं।" और उनके पास सामर्थ थी, परंतु वचन को कार्यवंत करने के लिए उनके पास विश्वास नहीं था, जो

उनमें था। देखिए, मेरा क्या अर्थ है? परंतु ये यीशु के पास था, वह वचन था और उसके पास विश्वास था कि जो उसने कहा वह घटित होगा। उसने कहा, "ओह, उसे यहां लाओ, मैं कब तक तुम्हारी सहता रहूंगा? "

64 अपनी सामर्थ के साथ उसके पास विश्वास था। उसने कैसे किया? उसने कहा, "मैं अपने मे कुछ नहीं कर सकता।" क्यों? वह जो था, उस पर निर्भर था; वह इस जानकारी का पर निर्भर था कि वह एक वचन था। और उसका विश्वास परमेश्वर में था, जिसने उसे वचन बनाया। वह परमेश्वर था (वचन) और वे उसमे थे और इसने उसे विश्वास दिया, क्योंकि उसने अपनी स्थिति को समझ लिया था। वह जानता था कि वह क्या था, क्योंकि वचन ने कहा था वह *यह* था। और यहां हर वचन बंधा हुआ है कि सिद्ध करे कि वह ठीक वही था, जो वचन ने कहा कि जो वह होगा, और उसे मालूम था कि वह क्या था।

65 इसलिए, वह उस पर निर्भर करता था जो परमेश्वर ने उसे बनाया था। और यदि उसने वह किया तो क्या हम उस पर निर्भर नहीं कर सकते कि जो परमेश्वर ने हमे विश्वासीयो के समान बनाया है? "जो विश्वास करेंगे उनके ये चिन्ह होगे!" वह जो था उसका उसमें विश्वास था। और यदि आप एक विश्वासी है आपका उसमें विश्वास है जो आप है; आप एक विश्वासी है! और यदि आपका परमेश्वर में विश्वास है, बाइबल यहां ये कहती है... "यदि हमारा, यदि हमारे हृदय हमे दोषी ठहराते है, तो हमारे पास विश्वास नही हो सकता परंतु यदि हमारे हृदय हमे दोषी नही ठहरते, तो हमारे पास विश्वास है, हमारा भरोसा परमेश्वर पर है।" यदि आप इसे पढ़ना चाहते है तो संत यूहन्ना 3:21 में मिलता है। यहां मेरे पास वचन लिखा हुआ है।

66 अब ध्यान दें, संत यूहन्ना... मेरा मतलब पहला यूहन्ना 3:21। ध्यान दे।

> *... यदि हमारे हृदय हमें दोष ना दे, तो हमें परमेश्वर पर भरोसा होता है।*

67 परंतु जब तक आप उन चीजों को कर रहे है जो गलत है, तो आपका भरोसा परमेश्वर पर नहीं हो सकता। इसलिए, आप देखिए, आप... आप स्वयं ही जान जाएंगे कि आप गलत है। आप अपने आप को स्वयं ही पीछे एक पापी रखते है, यह जानने के द्वारा कि आप गलत है। परंतु जब आपका हृदय आपको दोषी नही ठहराता और आप जानते है कि आप एक विश्वासी

है, और परमेश्वर और आपके बीच कुछ नहीं है, आप जो चाहे मांग सकते है और जानते है कि आपको मिलेगा, क्योंकि यह वचन है जो आपको दिया है, ठीक जैसे ये उन चेलो को दिया गया था।

68 और तब आपको केवल एक काम करना है, उसमें विश्वास रखे जो आप है, उसमे विश्वास रखें जो वचन आपके लिए कहता है! और यीशु का विश्वास परमेश्वर के वचन में था, जिसने कहा कि वह क्या था, "ये मेरे लिए लिखा है।" क्या दाऊद भजन सहिता में नहीं और भविष्यवक्ताओं और सब ने उसके विषय में बोला? "जीवन की रोटी मैं हूं, जो स्वर्ग से परमेश्वर की ओर से आयी है।" आमीन! "मैं वह जीवन का वृक्ष हूं, जो अदन की वाटिका से है। मैं ये सारी चीजे हूं, मैं वह हूं जो मैं हूं।" और वह यह सिद्ध विश्वास से जानता था कि वह अभिषेक मसीहा था, कि परमेश्वर का आत्मा उस पर था। उसने कहा, "अब मैं स्वयं से कुछ नहीं करता; परंतु यह मेरा विश्वास परमेश्वर में है।" और परमेश्वर उसमें था, वचन प्रगट हुआ, और जब परमेश्वर का वचन आप में आता है, यह प्रगट होता है, क्योंकि आप एक विश्वासी है। समझे? और एक विश्वासी, "परमेश्वर का विश्वास आप में कार्य करता है।"

69 आप को यह अच्छा लगता है? मै—मैं—मुझे अच्छा लगता है, जब आप... मुझे सिखाना अच्छा लगता है, जहां... कैसे... वास्तव में विश्वास क्या है।

70 जानते हुये कि वह कौन था, बिना किसी संदेह के उसे मालूम था कि वह परमेश्वर का पुत्र था। उसे मालूम हो गया, क्योंकि वचन ने प्रमाणित किया। परमेश्वर के वचन ने प्रमाणित कर दिया कि वह कौन था। उसने कहा, "यदि मैं अपने पिता के कार्यो को ना करूं, तो मेरा विश्वास ना करना; परंतु यदि—यदि मैं उन कार्यो को ना करूं, तो मेरा विश्वास ना करना, परंतु यदि मैं करता हूं तो फिर कामो का विश्वास करो, क्योंकि वे प्रतिज्ञा के वचन का प्रगटीकरण है।" ओह, यदि आप इसके लिये जागृत हो सके, एक मिनट! आप देखिए वचन स्वयं उसे प्रमाणित करता है, कि वह कौन था, और उसने कहा, "कौन मुझे पाप का दोषी ठहराता है? " दूसरे शब्दों में "कौन मुझे दिखा सकता है कि मेरा जीवन और मेरे कार्य ठीक उन बातो को पूरा नही करते जो मसीह को करना चाहिए? " कोई कुछ नहीं

कह सकता; क्योंकि वह था। तब उसके पास भरोसा था कि विश्वास करे, तब जो कुछ उसने कहा यह घटित होगा।

71 तब, वह घुमा और बोला, "वे काम जो मैं करता हूं, तुम भी करोगे। थोड़ी देर बाद संसार मुझे और ना देखेगा; तो भी तुम मुझे देखोगे, क्योंकि मैं तुम्हारे संग होऊंगा। और तुम्हारे अंदर विचार नही करना कि क्या कहोगे, क्योंकि ये तुम नहीं जो बोलता है, ये तुम्हारा पिता जो तुम में रहता है वही है जो बोलता है, और यह मै नहीं हूं, यह पिता जो मुझ में रहता है, वह कार्यो को करता है।" देखिए मेरा क्या अर्थ है?

72 अब, मसीही वचन का प्रमाण, यीशु ने ये शब्द कहे, "विश्वास करने वालो के ये चिन्ह होगे।" अब आप कैसे अपने आप को एक विश्वासी कहते है, एक लोग और उन शब्दो का इन्कार करते है? आप अपने आप को कैसे विश्वासी कह सकते है और उसके किसी भी वचन का इंकार करे? समझे? आप यह नही कर सकते। आप एक विश्वास ही नही है, इसलिए चिन्ह नहीं हो सकते, क्योंकि आप केवल वही स्वीकार करते है जिसका आप विश्वास करना चाहते है और बाकी को रहने दे... आप नही करेंगे—इसका विश्वास ना करे। परंतु आपको सारी बात लेनी पड़ेगी, और इसका विश्वास करे। और जब आप सच में विश्वास करते है (ना कि बनावटी विश्वास, परंतु वास्तविक विश्वास), तब विश्वास करने वालो के ये चिह्न होगे।

73 क्या आज आप एक मसीही को पुराने मसीहो से तुलना कर सकेगे? कैसे वे चेले आत्मा की सामर्थ में चले, पवित्र आत्मा के चलाये चले ये करते है। बस एक कैदी, जैसा मैने उस रात्रि प्रचार किया था, वचन और परमेश्वर की इच्छा के कैदी; वे यहां तक कि आगे भी नहीं बढ़ते थे, जब तक परमेश्वर उन्हे नहीं चलाता। क्या आप ऐसी कलीसिया को उठते हुए देखना चाहते है? ये होने जा रहा है; वापस जा रहे है। इसे—इसे आना ही है। ये ठीक बात है। यह अपने मार्ग पर है, मैं विश्वास करता हूं।

74 क्योंकि वचन प्रमाणित हुआ, स्वयं में प्रमाणित हुआ, कि वह क्या था; और वही वचन हमें प्रमाणित करता है। समझे? "यदि एक मनुष्य मुझ से प्रेम करता है, वह मेरी आज्ञाओ का पालन करेगा। और यदि वह कहता है, वह मुझ से प्रेम करता है और मेरी आज्ञाओ को नही मानता (उन सारी को) वह झूठा है और उसमें सत्य है ही नहीं।"

75 आप कहते है, "भाई मैं सबका विश्वास नहीं करता... " तो फिर कि... आप बस एक अविश्वासी है, बस। यदि बाइबल ऐसा कहती है, ये इसे ठीक करता है, यह तय हो गया, अनंतकाल के लिए। जो बाइबल कहती है वही सत्य है।

76 ध्यान दे उसने कहा हमसे कहा, "यदि तुम मुझ में बने रहो और मेरा वचन तुम में।" संत यूहन्ना 15, "यदि तुम मुझ मे बने रहो... " देखिये, उसमे विश्वास करे। "तुम मुझ में बने रहो, और मेरा वचन तुम में बना रहे, तो जो चाहो *तुम* मांगो।"

77 अब, देखिए, उसे मालूम था की वह कौन था, इसलिए उसके पास विश्वास था। जब वह जान गया कि वह कौन था विश्वास उत्पन्न किया जा सका। "यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरा वचन तुम में।" तब आप जानते है, कि आप कौन है। "जो चाहो मांगो, वह तुम्हे दे दिया जाएगा।"

78 क्या आज रात्रि यह आश्चर्यजनक ना होगा, यदि हर कोई प्रार्थना पंक्ति में आए कहे, "मै एक मसीही हूं, मुझ मे कोई दोष नहीं। मैं—मैं जानता हूं, मेरा ह्रदय मुझे दोषी नहीं ठहराता। आज रात्रि कोई चीज मुझ से कहती है यह मेरी पीड़ा का अंत है"? जो कि आप करने जा रहे है। आप यहां किस से किसी चीज के साथ जाएंगे। कोई मतलब नहीं आप कितनी भावुकता के साथ आते है, आप कितना करते है, यह काम नहीं करेगा, जब तक वह सिद्ध विश्वास प्रगट नहीं हुआ और स्वयं को आप मैं प्रमाणित नहीं किया, एक वस्तु के समान। और जब यह वहां है, तो फिर आपको इससे कोई नहीं हिला सकता।

79 यदि—यदि आपको कैंसर था और डॉक्टर ने आपको बीते कल बता दिया कि आप सोमवार सुबह से पहले मर जायेंगे, (आपका पूरा ह्रदय, आपकी सांस गई, कैंसर ने आपको खा लिया आपकी लहू के घारा पुरी कैंसर में हो गई, ये जो भी है); और कुछ इस वस्तु के साथ आता है इसका सच्चा विश्वास, सिद्ध विश्वास जो कुछ था आता है, आप में एक वस्तु बनाता है, आप उस डॉक्टर के मुंह पर हंसेंगे।

80 आप उस बूढ़े एलिय्याह के समान होगे, जब वह मुर्तो के सामने ऊपर नीचे जा रहा था और बोला, "थोड़ा ओर जोर से चिल्लाओ? और संभव है शिकार कर रहा हो।" उसे मालूम था कि वह क्या करने जा रहा है, क्योंकि

परमेश्वर ने उसे बताया था, कि क्या होने जा रहा था। उसने कहा, "वह ईश्वर जो आग से उत्तर दे परमेश्वर हो।"

81 वे कहते है, "हम इस प्रस्ताव को लेगे।" और उन्होने वेदी पर पानी डाला। और उन्होने—उन्होने अपने आप को घायल किया, उन्होने सब कुछ किया और बाल को पुकारा, "ओह! बाल! ओह बाल! उत्तर दे!"

82 एलिय्याह उतना ही शांत था जितना वह हो सकता था। उसने कहा, "थोड़ा और जोर से चिल्लाओ," कहा—कहा, "संभव है वह शिकार कर रहा हो, हो सकता है वह मछली पकड़ने गया हो। हो सकता है, वह कुछ कर रहा हो, आप देखिए कही बाहर गया हो।" वे बस... उनका उपहास उड़ाया, क्योंकि वह जानता था कि ये होने जा रहा है।

83 ओह, देखिए उसने हर चीज व्यवस्थित कर ली। वह वहां गया और बोला "अब्राहम, इसहाक और इस्राएल के प्रभु परमेश्वर!" उसने कभी भी *याकूब* का नाम नहीं लिया, "धोखेबाज।" उसने उसे *इस्राएल* कह कर पुकारा "राजकुमार परमेश्वर के संग।"

84 "अब्राहम, इसहाक और उस राजकुमार के प्रभु परमेश्वर (याकूब), आज ये मालूम हो जाये कि मैं तेरा दास हूं; और मैंने यह किया है, अपनी इच्छा से नहीं, ना ही अपने ढंग से परंतु तेरी आज्ञानुसार, मैंने यह किया है; आपकी इच्छा आपने मुझे बताया है कि क्या करना है, आपने मुझे दिखा दिया कि ये बातें यहां होगी। अब, मैं वेदी पर पानी उंडेलता हूं, मैंने हर चीज को आपकी आज्ञानुसार कर दिया है। अब, यह प्रगट हो!" और जब उसने ये कहा, आकाश से आग उतर पड़ी, वह इतना पक्का था कि ये गिरने जा रही थी, क्योंकि उसके पास वस्तु थी। क्यों? वचन ने ऐसा कहा है।

85 और यही बाइबल उसी परमेश्वर के वचन है। और जब आप उस वस्तु को प्राप्त कर सकते है (वह सिद्ध विश्वास); की ये प्रतिज्ञा जो परमेश्वर ने की है *आपकी* है।

86 "आप कैसा अनुभव करते है, भाई ब्रन्हम, जब आप वहां खड़े होते है आप देखते है विभिन्न ना भाषाओं और चीजों से लोग आते है? क्या आप डरते है? " नहीं, श्रीमान। नहीं, श्रीमान। उसने ऐसा कहा है! अब तक कभी नहीं डरा, क्योंकि उसने मुझ से ऐसा कहा है, और मैं विश्वास करता हूं कि यह सत्य है।

87 यदि वह आज रात्री मुझ से कहे, राष्ट्रपति के कब्रिस्तान में जाओ और कल सुबह जार्ज वाशिंगटन को जिलाओ, मैं सारे संसार को निमंत्रण दूंगा, "आओ और देखो ये हो गया।" मैं कहूंगा, "हर—हर... आलोचक को बुलालो जिसे बुला सकते हो और पास में खड़ा कर लो, तुम परमेश्वर की महिमा देखने जा रहे हो, अपनी कुर्सी वहां रख लो जहां बैठ सकते हो, और थोड़ी देर रुको; वह कुछ ही क्षणों में यहां पर होगा, जैसे ही मैं पुकारूंगा।"

88 उस रात्री फ़िनलैंड में वह छोटा लड़का, बल्कि उस दिन; वहां मरा हुआ पड़ा था, वहां आधे घंटे से कुचला पड़ा था, खून उसकी आंखों, नाक और कानों से बह रहा था उसके छोटे पैर टूट गये, उसके मौजों के अंदर; और उसका पैर मोजे के किनारे से बाहर निकला हुआ था, उसके जूते खत्म हो गये। मैंने देखा और मैंने सोचा, "कि ये वही लड़का होना चाहिये।" मैंने कहा, "बाइबल के पीछे देखो, भाई मूर।"

89 हमारे साथ भाई लिंडसे, भाई मुर वहां पीछे देखें: "'और यह घटित होगा,' प्रभु ने कहा," (ओह, प्रभु!) "'एक देश होगा जहाँ बहुत सारे मोर पंखी के वृक्ष होगे, बहुत सारी चट्टाने सटी होगी। एक छोटा लड़का जिसके बाल कटे हुये, छोटी पेंट, यहां तक बटन लगे हुये और उसके पैर... उसके मोजे ऊपर तक खींचे हुये। उसकी बुरी आंखें होगी, वे वापस पलटेंगे वह एक वाहन दुर्घटना में मारा जायेगा। परंतु तू अपने हाथ उस पर रखना और वह वापस जीवित हो जाएगा।'"

90 ये वहां लिखा हुआ था। वहां वह पड़ा था, आमीन, वचन की प्रतीक्षा कर रहा है। मैंने कहा, "यदि ये लड़का कुछ मिनटों में ना जीवित हुआ, तो मैं झूठा भविष्यवक्ता हूं, मुझे फिनलेनड से भगा देना। परंतु यदि वह जीवित हो जाये तो मुंह के बल हो कर प्रायश्चित करना!"

91 मैंने कहा, "मृत्यु तू इसे पकड़े नहीं रह सकती।" मैं परमेश्वर के वचन के अनुसार इसकी आत्मा को बुलाता हूं, "यीशु मसीह के नाम में," वह कूद कर खड़ा हुआ। सीधा! समझे? ओह, प्रभु! विश्वास, देखिये, पकडे है। परमेश्वर ने ऐसा कहा, ये वहां है!

92 अब, ये परमेश्वर इन दिनों में दर्शनों के द्वारा बोल रहा है। परंतु यह: यदि यह दर्शन *इसके* विरुद्ध है, तो यह गलत होगा; *यह* दर्शन से अधिक

है। यदि दर्शन वचन से मेल नहीं खाता, तो इसे छोड़ दें; यह परमेश्वर का नहीं है, परमेश्वर अपने वचन के विरोध में नहीं होता।

इसलिए यदि यह, वचन आपको कुछ बताता है, तो आप उसी विश्वास को ले सकते है, तब क्या होने जा रहा है। वहां कुछ नहीं है... यदि ये कहे, "वे बीमार पर हाथ रखेंगे और वे चंगे हो जायेंगे"; ठीक है, भाई, यदि विश्वास वह सिद्ध विश्वास उसे पकड़ ले, आप... जब आप इस प्रार्थना पंक्ति में से हो कर निकलेंगे, आप कूदते, और चिल्लाते जब तक कि आप... जब आप यहां से छोड़ेंगे, "ये पूरा हो गया!" ये पूरा हो गया! ये सब पूरा हो गया! ये समाप्त हो गया! यदि आपके हृदय में निवेदन था, और ये विश्वास की जब इसके लिये प्रार्थना करी गयी इसके लिये, तो इसका उत्तर आ रहा है इसमें वार्तालाप का कुछ नहीं है, ये होने जा रहा है; जैसे लहू बहने वाली स्त्री का।

93 यीशु के पास सिद्ध विश्वास था। उसके—उसके पास था ये आया क्योंकि वह वचन था, और आप वचन हो गये; आप वचन हो गये; जैसा ही आप वचन हो को प्राप्त करते है, "यदि तुम मुझ में बने रहो और मेरा वचन तुम में, मेरा वचन जो... " (*यह* वचन) "आप में बना है, तो जो चाहो मांगो, ये तुम्हारे लिये हो जायेगा।" समझे? यदि तुम इस पहाड़ से कहते हो 'हट जा,' और संध्या ना करो और जो तुमने कहा, उसमें विश्वास करो, तो जो तुमने कहा। तुम्हें मिल जायेगा, जब तुम प्रार्थना करो तो विश्वास करो, जो तुमने मांगा तुम्हें मिल गया है, और तुम्हें मिल जायेगा; ये तुम्हें दे दिया जायेगा।" इसे समय दूरी कुछ भी इसे नहीं बदल सकेगा। आप जानते है यह हो गया, यह पहले ही हो चुका।

94 अब, ध्यान दें! अब, और उसने हम से कहा, "यदि तुम मुझ में बने रहो, और मेरा वचन तुम में," यहां संत यूहन्ना, "आप मांग सकते हो जो आप चाहो, यह हो जायेगा।" तब अपनी स्थिति को वचन में पहचाने, एक विश्वासी के समान आपको अपनी स्थिति को पहचानना है। जैसे उसने अपनी स्थिति को पहचानना।

95 "क्या ये नहीं लिखा कि मसीहा आयेगा, और सब जो मसीह करेगा? " उसने किल्योपास और उन से उस प्रातः कहा, "क्या ये वचनों में नहीं लिखा, कि उन्हें करना होगा... कि उसे दुख उठाना होगा... तब मारा जायेगा और तीसरे दिन भी उठेगा? " कहा, "क्यों तुम मंद मतियो? "

96 और उन्होंने सोचा, "यह व्यक्ति और लोगों से थोड़ा मित्र बोलता है।" जब वे सराय आया में पहुंचे उन्हें मालूम पड़ा, ये वह था देखिये उनकी आंखे उसकी ओर से बंद थी। देखिये, वे जान गये कि वह उस वचन पर आधारित है और उन्होंने जाना कि ये वह था।

97 जो आपने मांगा आपको विश्वास करना चाहिये, यदि आप एक विश्वासी है, अपने आपको को विश्वासी के समान पहचाने कि ये चीजें आपके लिये है।

98 यदि आपके जीवन में दोष है, पहले उसे ठीक कर ले। समझे? यदि आप में कोई दोष है... मैं... या आपके पास ओरल रॉबर्ट हो सकता है और दूसरे दर्जनों लोग जिनके पास यहां आने के लिये विश्वास हो, और आप पर प्रार्थना करें और ऊपर नीचे कूदे, और आपके ऊपर गेलनो तेल उंडेलले ये फिर भी यह—यह नहीं मिलेगा, यहां। ठीक बात है।

99 कितने ओरल की समाओ से निकल कर इस पर आये? मैंने उन्हें प्रार्थना पंक्ति में पकड़ा। आपने उसे कहते सुना, "इस से पहले आप पर प्रार्थना हो चुकी है। एक पुरुष काले बालों के साथ, लंबा चौड़ा, बड़ा जबड़ा।" यही ओरल रॉबर्ट है। समझे? "और ये किसी *निश्चित* नगर में था; *निश्चित, निश्चित* बाते कही।"

100 "जी हां, ये ठीक बात है।" समझे?

101 "आप पर *अमूक–अमुक* व्यक्ति द्वारा प्रार्थना की गई है।" देखिए, इस प्रकार से। "परंतु यह यहां है। यहां आपकी परेशानी है।" समझे? "जाइये मामले को ठीक करे, जाकर और स्वीकार करे ये आपके पति के प्रति पाप है, आपकी पत्नी के प्रति। जाकर *ये* करे।" यह आपका कभी भी भला नही करेगा, कोई मतलब नही आपके लिए कौन प्रार्थना करता है जब तक आप वह सही नही कर लेते। आपके ह्रदय में दोष है, परमेश्वर ऐसे ह्रदय में नहीं आएगा, दोषी में। समझे? परमेश्वर इसमे नहीं रहता; आपको इसे ठीक करना होगा। तब जब आप ये करते है, आपके पास विश्वास होना चाहिए। यदि सारी चीजे ठीक है, आपके अंदर भरोसा और विश्वास होना चाहिए। डरे ना।

102 अय्यूब की पुस्तक में; यहां यह कहता है, "अय्यूब डर गया।" और किस से डर गया यह वास्तव में हुआ। इसे क्या चीज लायी? उसका भय। यही जिससे यह घटित हुआ। उसके विश्वास ने उसे इससे अलग रखा होगा, परंतु उसका भय उसे लाया... उसे उसके पास लाया वह डर गया

था, कि यह होने जा रहा था और यह हो गया। अब, यदि—वह जान लेता, कि यह नहीं होगा, तो यह नहीं होता। देखा, मेरा क्या अर्थ है?

103 यदि आप डरे हुए है, जब आप प्रार्थना पक्ति में आते है, "हो सकता है मेरे पास पर्याप्त विश्वास ना हो"; यह कभी नही होगा, चिंता ना करे। समझे? परंतु यदि आप जानते है कि यह होने जा रहा है, यह होगा। समझे? देखिए ये किसी चीज की वस्तु है। अय्यूब डरा हुआ था कि ये चीजे उस पर आ पडेगी, और वे आ गई। यदि आप डरे हुए है कि यह बीमारी आपको छोडने जा रही है... या नही छोड़ेगी आपको, यह नही होगा। यदि आपको विश्वास है, कि यह होगा।

104 आप किसी चिकित्सा डॉक्टर से पूछे। पहली चीज जो वह करने का यत्न करेगा कि आपका विश्वास दवाई पर लाये जो वह दे रहा है। यदि आपका उस पर भरोसा नहीं है, तो अच्छा है आप इसे छोड़ दे। समझे? निश्चिय ही! तो फिर यह क्या है; यह विश्वास है जो सारे समय करता है।

105 पतरस, वह ठीक कर रहा था जब तक वह डरा, वचन ने उसे बताया, वह पानी पर चल सकता है। वह पहले डर गया था, उसने सोचा यह एक भूत था, और उसने कहा, "प्रभु, यदि तू है तो मुझे पानी पर तेरे पास आने की आज्ञा दे।"

106 कहा, "आ जा।" अब, यह वही है जैसे याकूब 5:14 वैसे ही जैसे मरकुस 16। उसी परमेश्वर ने यह कहा है, "आ जा।" और इसलिए उसने चलना आरंभ कर दिया। उसने सब ठीक किया, नाव से बाहर कदम रख दिया चलने लगा...

107 वह समुद्र में तूफान था आप जानते है; महान झागदार लहरे, यहां आस–पास की पहाड़ियों से बड़ी, उनके ऊपर झाग थे, भयानक हो सकता पंद्रह, बीस फीट की झाग वाली लहरे चढ रही थी। और उसके लिए यह भयानक बात थी कि उससे कहे, "यदि यह तू है, प्रभु... " देखिए वह ऐसा दिखाई पड़ रहा था की परछाई या एक आत्मा। उसने कहा, "यदि यह तू है, तो मुझे पानी पर अपने पास आने की आज्ञा दे।"

108 यीशु ने कहा, "आ जा।"

109 और उसने अपना कदम नीचे रखा कहा, "ये तो प्रभु है, मैं बस चलूंगा।" परंतु जब उसकी आखो ने लहरो को देखा, वह डर गया। उसके विचार में क्या आया? पहली चीज, वह... "क्योंकि वचन ने मुझसे कहा इसलिए

मैं चलने जा रहा हूं।" और अगली चीज, उसने देखा कि वह... अच्छा उसने जब अपने लक्षण देखे; उसने वहां देखा कि वह लहरे कितनी बड़ी थी और वह डर गया; और जब डरा, वह डूबने लगा। समझे? जिससे वह डरा, हो गया! जो उसने विश्वास किया, वह हो गया! जब उसने विश्वास किया वह चल सकता है, वह चला और उसने विश्वास किया और डर गया अपने विश्वास में; तब वह वस्तु उसे छोड़ गई। समझे? वह अब भी अपना विश्वास दिखा रहा था परंतु उसके पास वह वस्तु नहीं थी। वह वस्तु तो झाग वाली लहर के ऊपर चली गयी, देखिए, यदि उसके पास सिद्ध विश्वास था। समझे? परंतु यह उसके पास नहीं था, उसने सोचा उसके पास है, पहले था, वह जोखिम लेने की चाह में था, "क्यो *प्रभु* ने मुझसे करने को कहा है, यह होना ही है।" इसलिए उसने कदम नाव से बाहर रख दिया और बढ चला। उसने लहरो के विषय में कभी नहीं सोचा, वह कितनी विरोधात्मक थी। उसके विचार में यह कभी नहीं आया।

110 अब, जब आप अपने विचारो पर आते है, "ठीक है, अब प्रतीक्षा करे और आप जानते है, कि मैं लंबे समय से बीमार हूँ.... " एक जाओ! अधिक अच्छा है कि आप वापस नाव में चले जाये। समझे? समझे? परन्तु जब आप सोचना छोड़ दे।

111 "अब्राहम ने अपनी देह का विचार नहीं किया, अब मरी... ना ही सारा के गर्भ की मरी सी दशा।" उसने इस विषय पर नहीं सोचा, यहां तक कि विचार भी नहीं किया। यह उसकी समझ में भी नहीं आया। उसने इसका विचार तक नहीं किया; उसने जो परमेश्वर ने कहा उसी को सोचा, और वह बढता गया। जब तक पतरस ने यह किया, वह चला।

112 परंतु यीशु संसार में जीया और इस विषय में कोई नहीं जान पाया, वह एक अनोखा व्यक्ति था। वह सिद्ध परमेश्वर में सिद्ध विश्वास के संसार में जीया, जिसमे कि वह था। यदि हम मसीह के सिद्ध विश्वास में जिए जो हम है तो हम संसार के लिए एक रहस्य होगे; लोग आपको समझ नही सकेगे। आप आत्मा में चलेगे। जो आत्मा ने कहा आप वह करेंगे। जिसे मना किया, आप वह नहीं करेंगे। तब लोग कहना आरम्भ करेंगे... वे... आप उनके लिए रहस्यमयी व्यक्ति होगे।

113 इसी प्रकार यह सब विश्वासियो के लिए है, वे रहस्यमयी है। लोग उन्हे नही समझते, क्योंकि वे अपने ही संसार में जीते है, यीशु ऐसे संसार में

रहा जिसे कोई और नहीं छू सकता था। चेले उसे नहीं समझ पाए, जब वह उनसे बोला वे *यह* कहते, और तब उन्होने कहा, "तू क्यो दृष्टांतो में बाते करता है! हम यह नहीं समझते। ये कैसे हो सकता है? " देखिए, वे उस संसार में नहीं थे, जिसमे वह रहा, देखिए। वे उसे नहीं समझ सके, उसे कोई नहीं समझ सका।

114 और इसलिए जब एक मनुष्य विश्वास से जीता है और विश्वास के द्वारा चलता है, मेरा अर्थ वस्तु विश्वास, वह सारे संसार से अलग हो जाता है, और मसीह में नई सृष्टि बन जाता है। वहां आप दुल्हन पदार्थ में आ रहे है। समझे? समझे? समझे? आप उठा लिए जाने वाली अवस्था में आ रहे है। अब इसका अर्थ हम में से प्रत्येक के लिए, ना कि बस पास्टर, डीकन, ट्रस्टी। इसका अर्थ जनसाधारण के लिए, हर व्यक्ति इस संसार में केवल परमेश्वर के साथ चलता है। आपका इस राज्य में बपतिस्मा हुआ है, और वहां आपके और परमेश्वर को छोड और कोई नहीं है। समझे? वह आज्ञाये देता है और आप उन्हे स्वीकार कर लेते है वह जो भी कहता है उसमें कहीं भी संदेह की संभावना नहीं है आप सीधे बढते चले। यदि प्रभु *ये* कहता है, तो संसार में आप से इसके बाहर कोई बात नहीं कर सकता, आप सीधे वैसे ही चलते रहते है। अब आप सिद्ध विश्वास में आ रहे है, सिद्ध सिद्धता *जो* असफल नहीं होता। जी हां, वह अपने सिद्ध विश्वास के साथ उनके लिए रहस्यमई था; और ऐसा ही अब उनके साथ है जिनके पास सिद्ध विश्वास है, दूसरो के लिए रहस्यमयी है।

115 हमें सिखाया गया है कि "शैतान का सामना करो, और वह हमारे पास से भाग जाएगा।" अब *सामना* करना सादगी में, "उसे अस्वीकार करना"; बस उसका *सामना* करो जो कि "बस इस से अलग चले जाना।" परमेश्वर ने एक निश्चित बात; कही कोई मतलब नहीं वह आप से क्या कहने का यत्न कर रहा है, आप उसकी सुने भी नहीं। आप... आपके कान किसी भी चीज के लिए बहरे है सिवाय जो आत्मा कहता है। समझे? "वह जिसके पास कौन है (जो सुनते हैं) देखिए, आत्मा कलीसियाओ से क्या कहता है"; वह जिसके पास सुनने की नियुक्ति है, जो आत्मा की बात को समझता है कि कलीसिया से क्या कहता है। समझे?

116 शैतान क्या कहता है, "भाई मैं नहीं सकता... " इसका कोई लेना–देना नहीं... "अच्छा, यदि आप *ये* सिखाते है, नामधारी आपको... " इसका

उससे कुछ लेना–देना नहीं, वह सीधा बस वैसे ही चलता है।

117 "वह जिसके कान है, वह सुन ले कि आत्मा कलीसियाओं से क्या कहता है।" बाइबल में आप जानते है, सदा बराबर कहा जा रहा है, कि "उस से जिसके पास विश्वास है, वह जिसके पास सुनने के कान है, वह सुन ले।" समझे? "वह जिसके पास बुद्धि है वह उस पशु का अंक जोड़ ले।" ये सारी विभिन्न बातें। "वह जिसके पास ये है, बाकियो को भी बता दे ताकि उनके पास भी हो जाए।"

118 और ये विश्वास के द्वारा, हम अब विश्वास के विषय में बाते कर रहे है, विश्वास जो आपके पास होना चाहिए वह सिद्ध विश्वास; वह विश्वास जो, "हां!" कहता है वहां "नहीं" कहने के लिए कुछ नहीं है। जब परमेश्वर कहता है, "हां।" समझे? जब वह कहता है "हां," तो ये "हां!" है। और कभी भी कोई इसे आपसे नहीं ले सकता।

119 उसके सिद्ध विश्वास के साथ, वह बहुत ही विचित्र था। और शैतान उसके आसपास अधिक समय तक रुकता था। यह हमने आज प्रातः के पाठ में लिया, जब वह एक बड़े धोखे के साथ आता है, बुद्धि के विचार के साथ, वह यीशु के विरोध में धोखा देता है, वह जब आता है, और उसे मालूम पड़ता है उसने हजार वोल्ट के बहाव को छू दिया; उसे फिर से वापस फेंक देता है। जी हां, श्रीमान। उसने कहा, "यह लिखा है, मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा!" व्यूह तब उसे झटका लगा।

अगली बार थोड़ा और नम्र बन कर आया, जब उसने कहा, "अब तुम एक महान पुरुष हो, कुछ होने के लिए तुम अपने में घमंड कर सकते हो।"

120 कहा, "शैतान मुझ से दूर हो।" ओह, प्रभु, वह किस से मिला! और, "तू अपने प्रभु परमेश्वर की परीक्षा न कर।" देखिए, उसने शैतान को प्रमाणित कर दिया कि वह प्रभु परमेश्वर था। "क्योंकि यह लिखा है 'तू परखेगा नहीं... '"

121 अब, यदि—यदि शैतान को मालूम नही हुआ कि वह प्रभु परमेश्वर था, नहीं तो वह कहता, "एक मिनट रुको, तू कोई व्यक्ति नहीं है।" परंतु वह अधिक अच्छा जानता है बजाये कि उस से बहस करे।

